**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

## PUNJAB KESARI

# शिविर में स्वेच्छा से किया रक्तदान

### रक्तदान समाज की एक बड़ी सेवा है



रक्तदान शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य। (छाया:राकेश देव)

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद (बीवीपी), फरीदाबाद और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। रक्तदान शिविर सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ एसडीएम, फरीदाबाद परमजीत चहल और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गोयल, अन्य अधिकारी राज कुमार अग्रवाल, दिनेश गर्ग, एनएन बंसल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, जिला रैड क्रॉस के सहायक सचिव बिजेन्द्र सरौत, इशान कौशिक तथा विमल खण्डेलवाल भी उपस्थित थे। परिषद् के पदाधिकारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 150 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक रही। प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस समन्वयक सुशील कुमार द्वारा किया गया कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को 'देने के सुख' की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान की समाज की एक बड़ी सेवा है। इसके द्वारा काफी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती है, खासकर ऐसे लोग जोकि किसी कारणवश दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और उन्हें स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है।

पंजाब केसरी
Sat, 13 March 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/59059868

**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# 150 लोगों ने किया रक्तदान

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने भारत विकास परिषद् व रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर शुक्रवार को यूनिवर्सिटी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल व यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने सुबह साढ़े 9 बजे शिविर का शुभारंभ किया। इसमें 150 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष अशोक गोयल, राजकुमार अग्रवाल, दिनेश गर्ग, एन. एन. बंसल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव बिजेंद्र, इशान कौशिक समेत कई लोग मौजूद थे।



**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर

फरीदाबाद,12 मार्च (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद (बीवीपी), फरीदाबाद और रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गोयल, अन्य अधिकारी राज कुमार अग्रवाल, दिनेश गर्ग, एनएन बंसल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, जिला रैडक्रॉस के सहायक सचिव बिजेन्द्र सरौत, इशान कौशिक तथा विमल खण्डेलवाल भी उपस्थित थे। परिषद् के पदाधिकारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 150 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक रही। प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस समन्वयक सुशील कुमार द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है।



*रक्तदान शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य।*

**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

## SATYAJAY TIMES

# स्वैच्छिक रक्तदान में शिविर 150 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**बल्लभगढ़, 12 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद (बीवीपी), फरीदाबाद और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। रक्तदान शिविर सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ एसडीएम, फरीदाबाद परमजीत चहल और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित भी किया।



इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गोयल, अन्य अधिकारी राज कुमार अग्रवाल, दिनेश गर्ग, एनएन बंसल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, जिला रेड क्रॉस के सहायक सचिव बिजेन्द्र सरौत, इशान कौशिक तथा विमल खण्डेलवाल भी उपस्थित थे। परिषद् के पदाधिकारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 150 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक रही।

प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस समन्वयक सुशील कुमार द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को देने के सुख की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान की समाज की एक बड़ी सेवा है। इसके द्वारा काफी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती है, खासकर ऐसे लोग जोकि किसी कारणवश दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और उन्हें स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह, डिप्टी डीन डॉ अनुराधा पिल्लई और निदेशक युवा कल्याण डॉ प्रदीप डिमरी ने शिविर के संचालन में सहयोग देने के लिए भारत विकास परिषद और रेड क्रॉस के अधिकारियों का आभार जताया।

**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

**AMAR UJALA**

# विवि में 150 लोगों ने किया रक्तदान

## एसडीएम ने विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया

अमर उजाला ब्यूरो



फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(विवि) में भारत विकास परिषद (बीवीपी) और रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गोयल, अन्य अधिकारी राज कुमार अग्रवाल, दिनेश गर्ग, एनएन बंसल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, जिला रेडक्रॉस के सहायक सचिव बिजेंद्र सरौत, इशान कौशिक तथा विमल खंडेलवाल भी उपस्थित थे। शिविर में 150 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसमें छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक रही। प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस समन्वयक सुशील कुमार द्वारा किया गया। कुलसचिव डॉ. एसके. गर्ग ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विवि प्रयासरत है।

**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

## NCR HARYANA

# जे सी बोस विश्वविद्यालय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

## शिविर में 150 से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

फरीदाबाद, एनसीआर हरियाणा( मनोज कुमार) जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद (बीवीपी) फरीदाबाद और रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है।

रक्तदान शिविर सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ एसडीएम, फरीदाबाद परमजीत चहल और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.एस.के.गर्ग, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गोयल अन्य अधिकारी राज कुमार अग्रवाल, दिनेश गर्ग, एनएन बंसल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता,



अजय अग्रवाल, जिला रैडक्रॉस के सहायक सचिव बिजेन्द्र सौरौत, ईशान कौशिक तथा विमल खण्डेलवाल भी उपस्थित थे। परिषद् के पदाधिकारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। शिविर में 150 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक रही। प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस समन्वयक सुशील कुमार द्वारा किया गया।कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा हैए जो विद्यार्थियों को देने के सुख की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान की समाज की एक बड़ी सेवा है। इसके द्वारा काफी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती है, खासकर ऐसे लोग जोकि किसी कारणवश दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और उन्हें स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.लखविंदर सिंहए डिप्टी डीन डॉ अनुराधा पिल्लई और निदेशक युवा कल्याण डॉ प्रदीप डिमरी ने शिविर के संचालन में सहयोग देने के लिए भारत विकास परिषद और रेडक्रॉस के अधिकारियों का आभार जताया।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.03.2021**

**HINDUSTAN**

# 150 लोगों ने रक्तदान किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में भारत विकास परिषद (बीवीपी) फरीदाबाद और रेडक्रास सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। सभी प्रतिभागियों को रक्तदान के बाद प्रमाण पत्र भी दिए गए।

एसडीएम परमजीत चहल और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस शिविर का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि रक्तान दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। उन्होंनि कहा कि रक्तदान की समाज की एक बड़ी सेवा है। रक्तदान शिविर में छात्रों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस समन्वयक सुशील कुमार द्वारा ने किया।